दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 06.03.2025

प्रकाशनार्थ

व्यक्तित्व के समग्र विकास का सशक्त माध्यम है राष्ट्रीय सेवा योजना : अनिरुद्ध सिंह चौहान

दिग्विजयनाथ पी जी कॉलेज गोरखपुर में **राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्तदिवसीय शिविर का उदघाटन** महाविद्यालय के दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में हुआ। कार्यक्रम में **मुख्य अतिथि के रूप में गोरखपुर जनपद के बांसगांव ब्लाक के खंड विकास अधिकारी श्री अनिरुद्ध सिंह चौहान** रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी प्राचार्य **प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने किया।

कार्यक्रम दीप प्रज्वलन व महापुरुषों की प्रतिमा पर पुष्पांजलि के साथ प्रारम्भ हुआ। तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्राओ द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत किया गया। अतिथि का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य व **आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के प्रभारी, प्रो. परीक्षित सिंह** के द्वारा किया गया। अतिथि के स्वागत में स्वागत गीत कार्यक्रम की छात्राओं आकृति, अल्का व शिखा द्वारा प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए **मुख्य अतिथि श्री अनिरुद्ध सिंह चौहान** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना जैसा कार्यक्रम सेवा व त्याग की भावना का विकास करते है यह युवाओं को समाज व राष्ट्र को उन्नति की ओर ले जाने हेतु एक नई दिशा प्रदान करते है। इस प्रकार के कार्यक्रम सामुदायिक सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने हेतु युवाओं को तैयार करती है।

कार्यक्रम के **अध्यक्षीय उदबोधन के माध्यम से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश** ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य के रेखांकित करते हुए कहा कि गांधी जी के सिद्धांतों से प्रेरित हो कर श्रम की गरिमा को स्थापित करने के साथ–साथ विद्यर्थियों के व्यक्तित्व के समग्र विकास के लिये रास्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम का प्रादुर्भाव हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य "मैं नही पहले तुम" यह सिखाता है कि हम स्वयं से पहले समाज व राष्ट्र का ध्यान रखे। यही बात हमारी प्राचीन परंपरा तेन त्यक्तेन भुंजीथा के माध्यम से कही गयी है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए **प्रो. परीक्षित सिंह** ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना कम्फर्ट जोन से बाहर आने का अवसर प्रदान करता है जिससे विद्यर्थियों का व्यक्तित्व निखर कर सामने आता है।

कार्यक्रम का **संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी श्री पीयूष कुमार सिंह** ने व **कार्यक्रम की प्रस्ताविकी कार्यकम अधिकारी जितेन्द्र कुमार पांडेय** व **धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निधि राय** ने किया इस अवसर पर **कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप कुमार यादव** व चारो इकाईयों के स्वयंसेवक व स्वंसेविका उपस्थित रहे।

प्रदीप कुमार यादव
कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना